# समाज सहयोगी संस्था (रजि) जयपुर

**दिनांक 15 सितंबर 2024 : निर्धन छात्रवृत्ति वितरण समारोह 2024**

आज दिनांक 15 सितंबर 2024 (रविवार) को समाज के मेधावी - निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति वितरण का एक भव्य समारोह रामेश्वर गार्डन रोड नंबर 12 सीकर रोड जयपुर में डाॅ श्री बीएल जाटावत सेवानिवृत आईएएस एवं पूर्व अध्यक्ष राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ श्री रवि प्रकाश मेहरडा डीजीपी (एसीबी) राजस्थान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री के पी वर्मा प्रबंध निदेशक अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अजमेर रहे।

आज के समारोह के मुख्य अतिथि डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा, समारोह के अध्यक्ष श्री बीएल जाटावत एवं विशिष्ट अतिथि श्री केपी वर्मा ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं का उत्सवर्धन किया। श्री गुरु चरण राय सेवानिवृत्त आईपीएस, श्री के आर बुनकर सेवानिवृत्त आर ए एस, श्री भंवरलाल बुनकर संस्था अध्यक्ष ने संस्था की गतिविधियो की जानकारी दी। भामाशाहो को धन्यवाद दिया।

श्री रुपेंद्र चौहान आरजेएस, श्री सोन चन्द वर्मा उप अधीक्षक और श्री अशोक समरिया अध्यक्ष कर्मचारी संघ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।समारोह में श्री बीएल बुनकर संस्था अध्यक्ष एवं मुख्य प्रबन्धक (से. नि) BOM, एड गिरधारी लाल चौहान महासचिव एसएसएस, श्री जगदीश प्रसाद नारनोलिया कोषाध्यक्ष एसएसएस, श्री बीपी बुनकर इंडियन ट्रेड सर्विस (सेवानिवृत्ति ), श्री नंदकिशोर वर्मा आरपीएस रिटायर्ड, श्री राजेंद्र वर्मा एडिशनल एसपी रिटायर्ड, श्री अनूप सिंह राजस्थान प्रशासनिक सेवा, डॉ श्री एन के बावलिया प्राचार्य कॉलेज, डॉ श्री कैलाश चंद्र मोरदिया प्राचार्य कॉलेज, प्रोफेसर श्री चिरंजी लाल परिहार, श्री यशपाल महावत अतिरिक्त निदेशक कृषि, श्री मदन लाल बलाई अधिशासी अभियंता मार्केटिंग, श्री गणपत लाल वर्मा अधिशासी अभियंता आकाशवाणी एवं महा सचिव DAMWS, श्री ओम प्रकाश वर्मा सेवानिवृत्त उपमहा प्रबंधक यूको बैंक, एड श्री सीताराम देवनदा सेवानिवृत्ति सहायक महाप्रबंधक एसबीआई, श्री मेहर चंद बबेरवाल सेवानिवृत क्षेत्रीय प्रबंधक द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, श्री सीताराम बरी सेवानिवृत्ति अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर, श्री बी डी नैनावत सेवानिवृत प्राचार्य कॉलेज, श्री पोद्दार प्रकाश शार्दुल वरिष्ठ नगर नियोजन, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, श्री मालीराम बुनकर सेवानिवृत्ति उपमहा प्रबंधक बीएसएनएल, श्री मनोज वर्मा अधिशासी अभियंता राज विधुत प्रसारण निगम, श्री कैलाश गोठवाल श्री हरी ज्वैलर्स मुरलीपुरा, श्री कानाराम डूमोलिया,सेवानिवृत्ति मुख्य प्रबंधक एसबीआई, श्री पीएस बुनकर सेवानिवृत एसबीआई, देवीसहाय डूँढलोदिया वरिष्ठ प्रबन्धक, एसबीआई, श्री महावीर जिंदल एडवोकेट राजस्थान हाई कोर्ट, श्री मनोहर परिहार एडवोकेट, श्री महेश कालावत उद्योगपति, श्री प्रभु दयाल बेसरवाड़िया डिप्टी मैनेजर एसबीआई, विनोद कटारिया, प्रिंसिपल, श्री कन्हैयालाल वर्मा वरिष्ठ शिक्षक एवं समाज के अन्य प्रबुद्ध जनों ने आज के भव्य समारोह में भाग लिया।

**समाजसेवी को संस्था की वेबसाइट का शुभारम्भ**

आज के समारोह में समाज सहयोगी संस्था की वेबसाइट samajsahyogisanstha.org का शुभारंभ डॉ रवि प्रकाश मेहरडा डीजीपी (एसीबी) राजस्थान, एवं विशिष्ट अतिथि श्री केपी वर्मा के द्वारा किया गया। वेबसाइट पर समाजसेवी की संस्था की सभी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। समाज की गतिविधियों वेबसाइट**www.samajsahyogisanstha.org** पर जानकारी सभी लोग देख सकेंगे।

**समाज के मेधावी निर्धन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण**

समाज सहयोगी संस्था जयपुर के द्वारा मेधावी निर्धन छात्र-छात्राओं को गति 3 वर्ष से भव्य समारोह आयोजित कर नगद छात्रवृत्ति, एक मोमेंटो और एक संस्था का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। छात्रवृत्ति उन्हीं छात्रों को अंको के आधार पर दी जा रही है जिन्होंने सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी न्यूनतम 80% अंक प्राप्त किए हैं तथा उनकी माता-पिता की वार्षिक आय ₹200000 तक है। छात्रवृत्ति की राशि सेकेंडरी के 15 छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र ₹5000 तक का नगद राशि तथा सीनियर सेकेंडरी के15 छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र ₹10000 रुपए दी गई, इस वर्ष भी दोनों परीक्षाओं के 71विधार्थियो के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें से वरीयता के आधार पर प्रत्येक परीक्षा के 15-15 विधार्थियो को कुल छात्रवृत्ति 225000 रुपए आज के भव्य समारोह में वितरित कर सम्मानित किया गया तथा समारोह में सभी 30 विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ आए और छात्रवृत्ति ग्रहण की।

**भामाशाहों का सम्मान**

इस वर्ष 2024 में छात्रवृत्ति हेतु समाज के 94 भामाशाहों द्वारा संस्था को आर्थिक सहयोग किया गया है।सभी सम्मानित भामाशाहों को आर्थिक सहयोग के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सभी भामाशाह वर्ष 2024 के लिए आर्थिक सहयोग किया है, उन्हे एक मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया है

**संस्था की सदस्यता**

संस्था द्वारा निर्णय लिया गया है कि संस्था के साथ समाज के अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाए। संस्था की सदस्यता दो तरह की होगी आजीवन सदस्यता शुल्क ₹1100 तथा द्वितीय संरक्षक सदस्यता शुल्क ₹5100 होगी। समाज के सदस्य जिन्होंने वर्ष 2022 की छात्रवृति से रुपये 5100 या अधिक धन राशि का आर्थिक सहयोग किया है संरक्षक सदस्य होंगे।₹1100 या अधिक का आर्थिक सहयोग किया है वे संस्था के आजीवन सदस्य होंगे।संस्था नए सदस्य बना रही है। कृपया सभी अपना आवेदन पत्र भरे।

**समारोह में भोजन व्यवस्था**

समारोह में आए सभी विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों तथा सभी अतिथियों व अन्य पधारे बन्धुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

समारोह की आर्थिक जानकारी श्री जगदीश प्रसाद नारनोलिया संस्था के कोषाध्यक्ष द्वारा दी गई । संस्था के लेखो (Accounts) की हर वर्ष CA Audit तथा Income Tax Return (ITR) करवायी जा रही है।।संस्था के नए सदस्य बनाए गए। समारोह के अंत में श्री गिरधारी लाल चौहान संस्था महासचिव ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये डॉक्टर कैलाशचद्र मोरदिया को तथा समारोह में पधारे हुये सभी अतिथियो, समाज बन्धुओ को धन्यवाद दिया।

सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

एड गिरधारी लाल चौहान,

महासचिव, समाज सहयोगी संस्था।